श्री सदगुरू देवाय नमः ओ३म् जय माता दी
सीताराम बाबा जी जय बाबा की श्याम बाबा
! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!!
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 125 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦9 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## भर्तियों में धांधली के खिलाफ उबाल

देहरादून (उद संवाददाता)। सरकारी भर्तियों में धांधली के विरोध में युवाओं ने गुरूवार को भी सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। युवाओं ने देहरादून में गांधी पार्क के बाहर सड़क जाम कर दी। घंटाघर से राजपुर और एस्लेहॉल से घंटाघर, दोनों तरफ का ट्रैफिक रोक दिया। जिससे अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। इस दौरान युवाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि नकलरोधी कानून आने के बाद ही हो कोई भी भर्ती परीक्षा कराई जाए। बता दें, लेखपाल, जेई, एई सहित लोक सेवा आयोग की तमाम भर्तियों में धांधली की सीबीआई से जांच, तत्काल नकल विरोधी कानून बनाने और लेखपाल भर्ती में शामिल नकलचियों की सूची सार्वजनिक करने के बाद ही दोबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर बेरोजगार (शेष पृष्ठ सात पर)





## सीएम ने किया अस्थाई हेलीपैड का लोकार्पण

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहियाहेड में 14 लाख 66 हजार रुपए की लागत से निर्मित अस्थाई हेलीपैड का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगला तराई पहुंचने विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों से मुलाकात की तथा बग्घा चौवन, सिसेया बंदे के लोगो सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यक्तियों की समस्याएं सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों के लिए दिशा निर्देश दिए।श्री धामी ने लोहियाहेड में नवनिर्मित अस्थाई हेलीपेड से ही हेलीकॉप्टर (शेष पृष्ठ सात पर)



## जलते ट्रक को फायर स्टेशन लेकर पहुंचा चालकर

देहरादून (उद संवाददाता)। आग से धूं धूं कर जल रहे ट्रक को चालक ने हिम्मत दिखाते हुए करीब तीन किमी हाईवे और औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई की सड़क से फायर स्टेशन पहुंचा दिया। यहां दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। बुधवार रात अब्दुल कबाड़ी के यहां कंटेनर में गत्ता लोड किया जा रहा था। गत्ता लोड करने के बाद जैसे ही कंटेनर को बंद किया जा रहा था, आचनक धुंआ उठने लगा। जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने पानी और रेत से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग और भड़क गई। लोगों ने फायर सर्विस को संपर्क करना चाहा, लेकिन नंबर नहीं लगा। फिर चालक अवनीश पांडेय ने हिम्मत जुटाते हुए जलते हुए कंटेनर को फायर स्टेशन ले जाने का फैसला किया। वह (शेष पृष्ठ सात पर)



## अवैध सम्बंधों के चलते श्रमिक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

देहरादून (उद संवाददाता)।रायपुर के मयूर विहार क्षेत्र में एक मजदूर को कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतार दिया गया। घटना देर रात की बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के पीछे अवैध सम्बंधों की बात सामने आयी है। पुलिस के मुताबिक विजयपाल निवासी मध्यप्रदेश यहां एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करता था। उसके साथ में ही हरिराम नाम का मजदूर भी रहता था। बताया जा रहा है कि दोनों में रात के समय किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इस बीच हरिराम ने वहां रखी कुल्हाड़ी से विजयपाल के मुंह पर वार कर दिया। एक के बाद एक हरिराम ने कई वार कर दिए। इससे विजयपाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हरिराम मौके से भाग निकला। सुबह के वक्त जब पुलिस को सूचना मिली तो मौके से शव बरामद कर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने हत्यारोपी हरिराम को गिरफ्तार कर लिया है। पता चला है कि हत्या अवैध सम्बंधों को लेकर की गयी है। बताया जाता है कि हत्यारोपी की पत्नी के साथ मृतक के अवैध सम्बंध थे। दोनों को पति ने आपत्तिजनक हालत में देख लिया था जिसके चलते उसने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर विजयपाल को मौत के घाट उतार दिया।



## 105 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर 105 ग्राम स्मैक बरामद की है। पकड़ा गया तस्कर लम्बे समय से बरेली से स्मैक लाकर रूद्रपुर क्षेत्र में सप्लाई कर रहा था।अवैध नशे के खिलाफ एसएसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने रामपुर बार्डर के पास से बाइक सवार मोहसिन खान उर्फ मोहसिन निवासी ग्राम भैसिया रामपुर को संदेह होने पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 105 ग्राम स्मैक बरामद हुयी। पूछताछ में पकड़े गये आरोपी ने बताया कि वह लम्बे समय से बरेली से स्मैक लाकर रूद्रपुर और आस पास के क्षेत्रों में सप्लाई कर रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

## विवाह समारोह से लाखों के जेवर और नगदी चोरी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विवाह समारोह से लाखों के जेवर और हजारों की नगदी चोरी हो गयी। इससे बारात में हड़कम्प मच गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है। ग्राम मल्ला खोल्टा, निकट सुनारी नौला जिला-अल्मोड़ा निवासी दिनेश चन्द्र पन्त ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को उसके मेरे पुत्र दीपक पन्त की बारात अल्मोड़ा से रूद्रपुर न्यू संगम वाटिका वेकंट हॉल नैनीताल रोड रुद्रपुर में आई थी। बारात में गेट के पास बैग से 19 हजार नगद, सोने की नथ, मांग टीका, लगभग सवा तोले की माला, 1 जोड़ा चाँदी की पॉयल, पैरों के चाँदी के 1 जोड़ी बिछुये अज्ञात व्यक्ति ने चुरा लिये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## चोरों ने घर से उड़ा लाखों का माल,किचन में खाना भी बनाया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।मुखानी थाना क्षेत्र में चोर बेखौफ हो गए हैं। इस बार भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी के बंद घर को निशाना बनाया है। ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने रातभर घर को खंगाला। चोरी करने के दौरान भूख लगी तो घर में ही खिचड़ी बनाकर फुर्सत से खाई। सुबह जाने से पहले बाथरूम में नहाया भी। इसके बाद जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए। हिम्मतपुर मल्ला, मुखानी निवासी लक्ष्मण सिंह अधिकारी एसबीआइ से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। पुलिस के अनुसार पांच महीने पहले छह सितंबर को लक्ष्मण अपने बेटे से मिलने जमशेदपुर गए थे, तब से घर पर ताला लगा है। पड़ोसी घर की देखरेख कर रहे थे।छह फरवरी को पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना लक्ष्मण सिंह के साथ पुलिस को दी। एसओ रमेश बोरा टीम संग पहुंचे और सीसीटीवी खंगाले। पड़ोसियों के अनुसार चोरों ने रातभर घर खंगाला, घर के अंदर भगोने में खिचड़ी बनाकर खाई और सुबह नहाया।इसके बाद चोर लाखों के जेवर व सामान लेकर फरार हो गए। चोर जूठे बर्तन कमरे में फेंक गए। एसओ ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

## दुकान से कॉपर वायर चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े दुकान से कॉपर वाईंडिंग वायर चोरी कर लिया। दुकान स्वामी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। शांतिपुरी नंबर दो भरतपुर थाना पंतनगर निवासी भवान सिंह पुत्र दुर्गा सिंह की जवाहर नगर में शिवा इंटर प्राईजेज के नाम से दुकान है। दुकान स्वामी के मुताबिक बुधवार को दोपहर में अज्ञात चोरों ने दुकान से 13 टियर कॉपर वाईंडिंग वायर चोरी कर ली। चोरी की घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हुयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## मीडिया कर्मी से मारपीट,मोबाइल लूटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आफिस से घर लौट रहे मीडिया कर्मी को दो बदमाशों ने रास्ते में घेर लिया और मारपीट कर मोबाइल लूटकर फरार हो गये। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। जानकारी के मुताबिक श्याम टाकीज रोड स्थित उत्तरांचल दर्पण कार्यालय में कार्यरत नरेन्द्र सिंह बुधवार शाम को रोजाना की तरहर शाम करीब साढ़े सात बजे आफिस से खेड़ा स्थित किराये के मकान की ओर पैदल जा रहा था। शॉपर (शेष पृष्ठ सात पर)

## दबंगों का तांडव,विवाह समारोह से लौट रहे परिवार पर हमला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आधी रात को विवाह समारोह से लौट रहे परिवार पर हथियारबंद लोगों ने हमला बोल कदया। हमले में युवक को खुली चोटें जबकि अन्य को गुम चोटें आयी है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। भूरारानी निवासी अशोक साहनी पुत्र भोला साहनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुध वार रात वह अपने भाई अजय साहनी और पत्नी बच्चों के साथ थापर मिल के सामने एक विवाह समारोह से वापस पैदल अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी भूरारानी रोड पर एक कार ने लापरवाही से कार चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें उसे गुम और खुली चोटें आयी। आरोप है कि टक्कर मारने के बाद उक्त लोग उलझने लगे और भाई एवं अन्य के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)



## विवाह समारोह से नगदी चुराकर फरार हुआ चोर दबोचा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।शादी की रिसेप्शन पार्टी से 50 हजार रुपये की धनराशि से भरा पर्स उड़ाने वाले चोर को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। बुध वार की रात्रि यहां जीवन पैलेस होटल में एक शादी की रिसेप्शन पार्टी चल रही थी, इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुल्हा के मां का पर्स साफ कर लिया। जिसमें शगुन के टीके की धनराशि के अलावा भी धनराशि रखी थी। यह धनराशि करीब 50 हजार रुपये थी। इस पर अल्मोड़ा निवासी गौरव पाण्डेय ने कोतवाली अल्मोड़ा में सुबह तहरीर दी।तहरीर के आधार पर कोतवाली अल्मोड़ा में पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा-380 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया और तफ्तीश शुरू कर दी। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर अभियोग के अनावरण के लिए वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश चन्द्र कापड़ी के नेतृत्व में टीम गठित हुई। टीम ने घटना स्थल में लगे सभी सीसी टीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया, तो इसमें रात एक व्यक्ति दुल्हे की माता का पर्स उठाकर जाता दिखाई दिया। इसके बाद इस व्यक्ति (शेष पृष्ठ सात पर)



## दूसरी बेटी होने पर पत्नी को घर से निकाला

काशीपुर(उद संवाददाता)। बेटियों के शैक्षिक बौद्धिक व सामाजिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार जहां एक और तमाम तरह की कल्याणकारी योजनाएं धरातल तक लाने में जुटी है वहीं एक सिरफिरे पति ने पुत्री के पैदा होने पर पत्नी की बुरी तरह पिटाई करते हुए उसे घर से बेघर कर दिया। फसाद की जड़ दहेज की डिमांड है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ गंभीर (शेष पृष्ठ सात पर)

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# पुलिस कर्मियों ने हेड कांस्टेबल रवि शर्मा को गमगीन माहौल में दी अंतिम विदाई

गदरपुर (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा में तैनात पुलिस विभाग के हेड कांस्टेबल रवि शर्मा का लंबी बीमारी के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। देर शाम मोक्ष धाम में मृतक





सिपाही को पुलिस कर्मियों द्वारा अंतिम सलामी दी गई। गूलरभोज रोड स्थित महेंद्र कॉलोनी निवासी रवि कुमार शर्मा पुत्र खैराती लाल शर्मा 1997 में पुलिस विभाग मे भर्ती हुए थे और अल्मोड़ा में तैनात थे कुछ समय पूर्व विभाग द्वारा उन्हें कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नत किया गया था। बीते 27 जनवरी को अचानक ट्रेनिंग के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया जहां लंबे उपचार के बाद बुधवार को दिल्ली से उन्हें घर लाया गया जहां करीब 1 घंटे बाद उनका निधन हो गया। उनके निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। देर शाम मोक्ष धाम में सीओ अनुषा बडोला द्वारा मृतक के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। साथ ही सशस्त्र पुलिसकर्मियों द्वारा पूरे सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। मृतक रवि शर्मा की चिता को उनके पुत्र वरुण शर्मा द्वारा मुखाग्नि दी गई। गमगीन माहौल में रवि शर्मा की अंत्येष्टि की गई। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी पूजा शर्मा एवं तीन पुत्र केशव शर्मा, अजय शर्मा, वरुण शर्मा को रोते बिलखता छोड़ गए। मृतक रवि शर्मा के भाई दीपक शर्मा होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। इस मौके पर विधायक अरविंद पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, जिला मंत्री चकित हुड़िया, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अनिल गुंबर, राकेश भुड्डी, राजेश गुंबर, संजीव झाम, संजीव अरोरा, अरुण नारंग, बाबूलाल शर्मा, सतीश मिड्डा, तारिक उल्ला, सभासद मनोज गुंबर, परमजीत सिंह, उप निरीक्षक ओमप्रकाश, महेश चंद्र सहित काफी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे।

# चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में आईटीआई पुलिस व एस ओ जी के जवानों ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त नशे के एक सौदागर को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से हजारों रुपए कीमत की अवैध चरस बरामद किया है। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार नशा सौदागर का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान



कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि एसओजी की टीम आईटीआई पुलिस के साथ क्षेत्र में अपराधियों व नशा कारोबारियों की टोह ले रही थी इसी दौरान उसने क्षेत्र से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए ग्राम मुड़िया पिस्तौर बाजपुर निवासी एजाज हसन पुत्र अहमद हसन को शक के आधार पर पहुंचकर तलाशी में उसके कब्जे से 92:15 ग्राम अवैध चरस बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया।

# जरूरतमंद बच्चों को वितरित की गयी पाठ्य सामग्री

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने रा0 प्रा0वि0 गोपालधारा अल्मोड़ा मेंआयोजित ऑँपरेशन मुक्ति कार्यक्रम



में मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में एसएसपी ने उत्तराखण्ड पुलिस के ऑँपरेशन मुक्ति (भिक्षा नही शिक्षा थीम) के तहत शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराने हेतु अल्मोड़ा पुलिस द्वारा विद्यालय में दाखिल कराये गये, डा0 लीलाधर भट्ट कल्याण समिति के सहयोग से 6 स्कूली बच्चों को स्कूल ड्रेस ट्रैक सूट, स्वेटर,जूते मोजे व पाठ्य सामाग्री वितरित की गयी। एसएसपी ने डा0 लीलाधर भट्ट कल्याण समिति द्वारा किये जा रहे मानवता के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि अगर हम शिक्षा से वंचित बच्चों को उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए शिक्षा ग्रहण करने में सहयोग करते है तो इससे बड़ा नेक कार्य कोई नही हो सकता है। इस दौरान एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा नन्हे मुन्हे बच्चों को चाँकलेट बाट कर प्यार दुलार से पढाई करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एसएसपी द्वारा अच्छी हैण्ड राईटिंग वाले बच्चों का चयन किया गया जिन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान सीओ ऑँपरेशन ओशिन जोशी, खण्ड शिक्षा अधिकारी बी0एस0 जंगपांगी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा राजेश कुमार यादव, पीआरओ सौरभ कुमार भारती, डा0 विद्या कर्नाटक, श्रीमती इन्द्रा तिवारी, श्रीमती उमा आर्या, श्रीमती गीता जंगपांगी, श्रीमती राधा जोशी, श्रीमती तुलसी जोशी, श्रीमती पार्वती आर्या, श्रीमती उमा उपस्थित रहे।

# युवा मुख्यमंत्री के कार्यकाल में युवा बेरोजगार सबसे ज्यादा हताश: जोशी

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश काँग्रेस कमेटी के पूर्व प्रांतीय सचिव त्रिलोचन जोशी ने यहाँ जारी बयान में कहा कि उत्तराखण्ड के 22 साल के इतिहास में पहली बार प्रदेश के युवाओं के साथ नौकरी के नाम पर बड़ा धोखा प्रदेश की सरकार द्वारा किया जा रहा हैं। प्रदेश की सरकार पेपर लीक करने वाले अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही से बच रही हैं वहीं, लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हर परीक्षा को रद्द करके सरकार अपना पल्ला झाड़ रही हैं। राज्य का बेरोजगारी औसत देश में अग्रणी स्थान पर बना हुआ हैं। वहीं, दूसरी और प्रतिभाशाली युवा अपने जीवन यापन और परिवार के जीवन यापन के लिए आउटसोर्सिंग के तहत रोजगार प्राप्त कर रहे थे। अब उन्हें भी नौकरी से बाहर किया जा रहा हैं। प्रदेश की धामी सरकार द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा योजना ईएसाई की डिस्पेंसरी में उपनल और पी आर डी सहित अन्य आउटसोर्सिंग एर्जेसियों के माध्यम से लगे हुए 121 कर्मियों की सेवायें समाप्त करना प्रदेश सरकार की



युवा विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता हैं। कार्मिकों की सेवायें समाप्ति से प्रदेश के चिकित्सालयों में कार्य बुरी तरह से प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवा मुख्यमंत्री के नेतृत्व से प्रदेश के युवाओं में नौकरियों के लिए नयी सोच उत्पन्न हुई थी, लेकिन, आज के दौर में युवा मुख्यमंत्री के कार्याकाल में युवा बेरोजगारों को बुरी तरह से छला जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। प्रदेश का अधिकांश युवा पेपर पर पेपर लीक और परीक्षायें रद्द होने से मानसिक रूप से टूट रहा हैं और बड़े तनाव से ग्रस्त हैं। लेकिन धामी सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गम्भीर नहीं हैं। उन्होंने प्रदेश केमुख्यमंत्री से यूकेपीएससी परीक्षा घोटाले के शीघ्र सीबीआई से जाँच कराने, युवाओं को उम्र की बाध्यता में छूट देने और प्रदेश में बढ़ते भष्ट्राचार के खिलाफ सख्त कानून लागू करने एंव प्रदेश के प्रत्येक जनपद में युवाओं को तात्कालिक एंव सुलभ रोजगार के जिले स्तर पर आउटसोर्सिंग कम्पनी का गठन करने की पुरजोर माँग की।

# महिलाओं व किशोरियों को किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लालपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिला समिति की अध्यक्ष डॉ.उषा नरेंद्र जैन ने महिलाओं को जागरूक करते हुऐ कहा कि आज हमारे देश में 35 करोड़





से ज्यादा बहन बेटीयों को को हर महीने महावारी आती है जिसमें से केवल 36% से 40% बहन बेटियों की अपने महावारी स्वच्छता का उचित ध्यान रख पाती है व सही सेनेटरी नेपकीन यूज कर पाती है,जानकारी के अभाव में या पुरानी विचार-धारा की वजह से शर्म,शंका, भय,घृणा व कई बार समाज का गलत दृष्टकोण की वजह से आज हमारे देश में लगातार महिलाओं की इंटिमेंट एरिया की बीमारियों बढ़ती जा रही है।जिसमें प्रमुख रूप से युरोजनेटल इन्फेक्शन, ईस्ट इंफेक्शन, यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन, बैक्ट्रीयल इंफेक्शन व स्किन इर्रिटेशन प्रमुख रूप से है जो बाद में बहुत बड़ा रूप ले लेती है एक आंकड़े के अनुसार हर 8 मिंट में एक यूट्रस कैंसर की शिकार हुई महिला सामने आ रही है,आगे उन्होंने कहा कि महिलाओं की अधिकतर बीमारी फेस से नही बल्कि इंटीमेट एरिया से शुरु होती है,हम बहन बेटियों को फेस जे साथ-साथ अपने इंटिमेंट एरिया की साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखना होगा। हमारे देश की बहन बेटी स्वस्थ रहे तो हम सबको इस विषय पर जागरूकता फैलानी बहुत जरूरी है। जागरूकता के लिये हमने एक नारा दिया है,अब सहना नही कहना है,क्योंकि स्वस्थ रहना हमारा हक है। आगे समिति की उपाध्यक्ष ने बताया कि किस तरह का 100% कोटनी सेनेटरी नेपकीन यूज करना है जो हमारे पर्यावरण के लिये भी सही रहे और साथ में उन्होंने ये भी बताया कि सेनेटरी नेपकीन को मात्र 5 घण्टे ही यूज करना है,हर 5 घण्टे बाद चेंज करना जरूरी है । इस कार्यक्रम में सैकडों महिलाओं को (मेंस्ट्रुअल हाईजीन किट) सेनेटरी पैड व इंटीमेट वास् वितरित किये गये।अकार्यक्रम में समिति की पूरी टीमराधा देवी, कविता रावत, रूपा,दुर्गा, अंजलि, ममता नेगी, सीता, सुनीता, कुंती, स्वेता,पुष्पा, विमला, विमा देवी के साथ सैकड़ों महिलायें उपस्थित रही।



# चिरंजीलाल मूंगफली वाले के ठेले पर नजर आये सीएम धामी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर रोड स्थित अग्रवाल मार्ट के सामने चिरंजीलाल मूंगफली वाले के ठेले पर पहुंचकर मूंगफली ली तथा मूंगफली का स्वाद चखा, इसके पश्चात श्री धामी ने अनमोल गजक वालों से गजक ली। मुख्यमंत्री की इस सादगी के सभी लोग कायल नजर आये। गौरतलब है कि जनपद के दौरे पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी देर सायं रूद्रपुर पहुंचे और उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकत कर कुशल क्षेम पूछी।


# मन के जीते जीत है ,मन के हारे हार:धामी

## मुख्यमंत्री ने थारु राजकीय इंटर कॉलेज पहुंच कर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्र छात्राओं से किया संवाद

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद भ्रमण के दौरान थारु राजकीय इंटर कॉलेज पहुंच कर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। श्री धामी ने कॉलेज पहुंच कर अपनी पुरानी यादें ताजा की विद्यार्थियों के बीच बैठकर फ्रेंडली वार्ता की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने इस विद्यालय के छात्र रहे हैं।श्री धामी ने कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा प्राप्त की, जो भी जिम्मेदारी मिली उसको बखूबी अंजाम दिया।श्री धामी ने विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते थे और लिखने के लिए तख्ती का उपयोग किया करते थे। उन्होंने कहा कि उनके आगे बढ़ने में विद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्जाम के दौरान उत्पन्न होने वाले तनाव, जिज्ञासा आदि पर मार्गदर्शन किया है, श्री धामी ने कहा कि तनाव से दूर रहने हेतु एक्जाम वारियर परीक्षा पे चर्चा पुस्तक को अवश्य पढ़ना चाहिए। बालिका अष्टवी राज ने प्रश्न पूछा कि जैसे परीक्षा की घड़ी नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे घबराट बढ़ती जा रही, किस प्रकार टाइम मैनेजमेंट करें कि सारे सब्जेक्ट कवर हो जाएं, इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा से घबराने की जरूरत नहीं है, कठिन लगने वाले सब्जेक्ट को अधिक समय दीजिए, शिक्षकों, दोस्तों के साथ टॉपिक एवम विषय पर विस्तार से चर्चा कीजिए। उन्होंने कहा कि मैं भी सामान्य छात्र रहा हूं, हमे किसी भी सब्जेक्ट को कठिन नहीं मानना चाहिए बल्कि एक पाठ के बाद दूसरे पाठ को इस प्रकार लेना चाहिए कि कुछ अच्छा और नया सीखने के लिए मिलेगा। श्री धामी ने कहा कि व्यक्ति स्वयं के लिए सबसे अच्छा टाइम मैनेजर होता है। उन्होंने कहा कि अपनी आवश्यकता के अनुसार टाइम मैनेज करना चाहिए और प्रात:काल जरुर उठना चाहिए तथा दिनचर्या में व्यायाम एवम खेलों को भी शामिल करना चाहिए । मोहम्मद रेहान ने प्रश्न पूछा कि ट्वेल्थ के बाद क्या विकल्प चुनना चाहिए, मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को यह जरूर सोचना चाहिए कि हमें किस क्षेत्र में आगे बढ़ना है या क्या करना है? श्री धामी ने कहा कि हमे अपनी रूचि के अनुसार केरियर का विकल्प चुनना चाहिए। धोनी ने स्पष्ट कहा कि हमारे गुरु एवं अभिभावक केरियर चुनने के लिए गाइड कर सकते हैं परंतु कैरियर का चुनाव हमें अपनी रूचि के अनुसार ही करना चाहिए। मोहम्मद आरिफ ने प्रश्न किया कि एग्जाम के नजदीक आने पर प्रेशर एवं डिप्रेशन बढ़ता जा रहा है,पढ़ाई कैसे की जाए, इस पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मन के जीते जीत है, मन के हारे हार। श्री धामी ने कहा कि एग्जाम से डरने की जरूरत नहीं है, एग्जाम को युद्ध का मैदान नहीं है और प्रश्न सिलेबस से बाहर से भी आने वाले नहीं है अर्थात प्रश्न सिलेबस से ही पूछे जाएंगे, श्री धामी ने पुणे दोराया की टाइम का ही मैनेजमेंट करना है और तृतीय दिन पूरी निष्ठा ईमानदारी एवं लगन से पढ़ाई करने के साथ-साथ व्यायाम एवं खेलकूद को भी समय देना चाहिए। प्रेरणा ने प्रश्न पूछा कि पहले और अब की पढ़ाई में क्या परिवर्तन दिखाई दे रहा है, इस पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अंतर इतना है कि पहले तख्ती पर पढ़ाई लिखाई होती थी और टाट एवम चटाई पर बैठकर पढ़ाई करते थे। इनामी ने कहा कि साइंस एंड टेक्नोलॉजी तेजी से आगे बढ़ रही है









तकनीकी ज्ञान वर्तमान के बच्चों को ज्यादा है हम लोगों को नहीं। प्रियांशी ने पूछा कि नकारात्मक विचारों से कैसे बचा जाए, श्री धामी ने कहा कि व्यक्ति को सकारात्मक सोच रखनी चाहिए क्योंकि सोच सही विचार उत्पन्न होते हैं, श्री धामी ने कहा कि सकारात्मक सोच उत्साह एवं उमंग मन में होनी चाहिए। मैंने कहा कि हमारे मन में उत्साह होगा तो हमारे अंदर उर्जा आएगी और खराब सोच भूल जाएंगे । श्री धामी ने कहा कि अपनी सोच के दायरे को कुआ की तरह सीमित न रखते हुए विशाल महासागरों की तरह बढ़ाना होगा। श्री धामी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने भी कहा है कि मनुष्य अनंत शक्ति एवम उर्जा का भंडार है। आरिश ने प्रश्न पूछा कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में कौन-कौन सी योजनाएं हैं जिससे आगे बढ़ा जा सकता है, ईश्वर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार नई स्पोर्ट्स नीति लेकर आई है जिसमें प्रावधान किया गया है कि यदि कोई खेल क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करता है तो उसके बाहर जाने,आने, रहने, खाने के साथ ही नौकरी की भी व्यवस्था की जा रही है।उन्होंने कहा कि नौकरियों में खेल कोटा शुरू कर रहे हैं।अनमोल प्रजापति ने प्रश्न किया कि अपनी घबराहट एवं है जी टेंशन को कैसे दूर कर सकते हैं, इस पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमें अपने सोचने का नजरिया बदलना चाहिए, उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि आप किसी सभा में बोल रहे हैं तो यह सब मन से निकाल देना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति हमसे ज्यादा विद्वान इस सभा में उपस्थित है, क्योंकि उस समय सभी विद्वान सिर्फ और सिर्फ आपको सुन रहे होते हैं, आपको सकारात्मक विचारों के साथ अपनी बात को रखते रहना चाहिए। श्री धामी ने कहा कि मन में नकारात्मक सोच नहीं रहनी चाहिए और मोरल हाई रखना चाहिए, झिझक स्वत: ही दूर हो जाएगी। अंजू गंगवार ने प्रश्न पूछा कि पॉलिटिक्स में कैसे आगे बढ़ा जाए, इस पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जितने भी लोग देश दुनिया में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है उनका शुरुआती जीवन में कुछ बनने के लिए नहीं सोचा होगा, मैंने भी नहीं सोचा था कि मैं सीएम बनूंगा। श्री धामी ने कहा कि राजनीति ही नही अपितु अपनी रूचि के अनुसार चुने गए कार्य क्षेत्र में पूरी ईमानदारी निष्ठा एवं लगन, समय बाध्यता के साथ कार्य करोगे तो निश्चित ही उस क्षेत्र के लीडर कहलाओगे। इसके साथ ही रिजवान अहमद ने एनसीसी, राहुल बडोनी ने इंग्लिश मीडियम आदि के बारे में प्रश्न पूछा, जिनका जवान भी श्री धामी ने दिया। मुख्यमंत्री ने ऑडोटोरियम को आधुनिक ऑडोटोरियम के रूप में बनाने, मुख्य भवन की मरम्मत कराने तथा फील्ड/खेल मैदान का सौंदर्यकरण कराने की घोषणा की। इस दौरान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य शिक्षाधिकार आरसी आर्य सहित विद्यार्थी तथा टीचर्स आदि उपस्थित थे।

## शारीरिक,मानसिक एवं बौद्धिक विकास की प्रेरणा देती है पुस्तकें: शैलेंद्र

काशीपुर(उद संवाददाता)। जय मां भारती नामक सामाजिक संस्था द्वारा स्थानीय पंडित गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज में लगाए जाने वाले पुस्तक मेले



के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी शैलेंद्र कुमार मिश्रा रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तके बच्चों का शारीरिक, मानसिक,विकास करती हैं। जय मां भारती संस्था द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के विकास के लिए छोटे-छोटे होम पुस्तकालयों का संचालन कर प्रतियोगिता हेतु उन्हें जरूरी पुस्तके उपलब्ध कराना है इसलिए जगह-जगह पुस्तक मेला लगा कर ऐसे बच्चों के सामान्य ज्ञान एवं कंपटीशन की किताबें उपलब्ध कराई जा रही है। श्री मिश्रा ने संस्था के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए आगे कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और पंडित गोविंद बल्लभ पंत विद्यालय के बच्चों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का नाम रोशन किया है । कार्यक्रम में भास्कर त्यागी एडवोकेट ने भी अपने विचार रखे। आयोजन में संस्था के पदाधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी आशीष चौधरी, भास्कर त्यागी एडवोकेट सहित छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज के स्टाफ ने भी भाग लिया।


## वीएमसी के छात्र ने धैर्य ने आई.आई.टी जे.ई.ई मेन्स में लहराया परचम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विद्या मन्दिर क्लासेज (वी.एम.सी) रुद्रपुर के छात्र धैर्य अरोड़ा ने आई.आई.टी जे.ई.ई मेन्स 2023 की परीक्षा 99.69 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण की है। धैर्य अरोड़ा अप्रैल 2020 से 3 साल के पाठ्यक्रममें (वी.एम.सी) रूद्रपुर में पढ़ रहे है और तब से अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त कर चुके हैं। धैर्य एन.टी.एस.सी स्टेज-1 एंव स्टेज-2 दोनो क्वालिफाइ कर चुके है। वह दूसवी कक्षा की बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर भी रहे हैं। धैर्य अरोड़ा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार तथा विद्यामन्दिर क्लासेन (वी. एम. सी) रुद्रपुर को दिया। धैर्य के पिता मनोज अरोड़ा ने कहा की उन्हें बेटे की उपलब्धि पर गर्व है ।उनका मानना है कि धैर्य अरोरा आई आई टी से कंप्यूटर साइंस से इंजीनियर बनना




चाहते है । उनका मानना है की बिना सही कोचिंग और गाइडेंस के आई. आई. टी में अच्छी रैंक मिलना मुश्किल है । इस अवसर पर विधायक शिव अरोडा ने धैर्य की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वी. एम. सी विद्यामन्दिर क्लासेज रुद्रपुर भूपेन्द्र सिंह और प्रभूजोत कौर ने छात्र की पर खुशी व्यक्त करते हुए जून में होने वाली जे.ई.ई एडवान्स की परीक्षा के लिए टिप्स दिए एवं मनोबल बढ़ाने के साथ मार्ग दर्शन किया ।

9837777818 Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com




# शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रात: 10 बजे से

स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक- श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण


## सभी जिलों में बजट की खूबियों को जन–जन तक पहुंचाएगी महिला मोर्चा: आशा नौटियाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के पांचवे बजट की खूबियों को जन–जन तक पहुचाने की भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा ने मंगलवार से शुरूआत कर दी है। इस दौरान महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गो के लिए इस बजट में केन्द्र सरकार ने क्या सौगात दी है इसको लेकर मंडल स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश के 13 जिलों में अभियान चलाएगी। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा नौटियाल ने अवगत कराया कि मोदी 2.0 सरकार के पांचवे बजट में महिलाओं के लिए जो घोषणाए की गई है उससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। मोदी सरकार ने किसान, महिला, अनुसूचित जातियों का सामाजिक विकास संभव किया है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने नया प्लान बनाया है। अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा



दिया गया है। महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू की गई है। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5% का ब्याज मिलेगा। उन्होने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को 81 लाख स्वय सहायता समूह से जोड़ा गया है। स्वंय सहायता समूह को आर्थिक सशक्तिकरण के अगले चरण तक पहुचाने के लिए बड़े उत्पादक उद्यम बनाए जाएगे। उज्जवला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए। एमएसएमी सेक्टर के लिए क्रेडिट गारंटी योजना फिर से नवीनीकरण किया जाएगा। बजट में हरित विकास, युवा शक्ति और समावेशी विकास को शीर्ष प्राथमिकताओं के रूप में बांधते हुए पूंजीगत व्यय खर्च का विस्तार करने पर जोर दिया गया। धारा 87 ए के तहत छूट भी 5 लाख रूपये से बढ़ाकर 7 लाख रूपये कर दी गई है, जिसका अर्थ है कि 7 लाख रूपये तक की आय वाले व्यक्तियों को कोई भुगतान नहीं करना होगा। उन्होने कहा कि कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए एग्रीकल्चर एक्सलरेटर फंड बनाने की घोषणा की। इसका मकसद है कि गावों के युवा उद्यमी बने और किसानों की समस्याओं का इनोवेटिव और सस्ता समाधान लेकर आएं। आशा नौटियाल ने कहा कि ये बजट आम जनता और महिलाओं के लिए लाभकारी साबित होगा। बजट में दी गई व्यवस्थाओं से महिलाए आर्थिक रूप से सशक्त होगी। बजट की इन्ही खूबियों को आम जनता तक पहुचाने और महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भाजपा महिला मोर्चा पूरे प्रदेश में मंडल स्तर पर बजट पर चर्चा अभियान शुरू कर रही है।

## प्रतिष्ठानों की निगरानी में सीसीटीवी कैमरा की अहम उपयोगिता: महर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रतिष्ठानों की निगरानी में सीसीटीवी कैमरा की अहम उपयोगिता होती है। यह बात भगवान सिंह महर, थानाध्यक्ष चोरगलिया ने थाना प्रांगण में चोरगलिया क्षेत्र अंतर्गत संचालित मेडिकल स्टोर संचालकों एवं स्वर्णकारो के साथ आयोजित गोष्ठी में कही। गोष्ठी के



माध्यम से मेडिकल स्टोर स्वामियों/संचालकों को बताया गया कि कुछ प्रतिबंधित दवाइयों एवं इंजेक्शनो का प्रयोग युवा पीढ़ी नशे का प्रयोग करने में कर रहे हैं। अत: नशे की रोकथाम हेतू प्रतिबंधित दवाइयों/इंजेक्शनों को डॉक्टर के परामर्श के बिना बिल्कुल ना दिया जाए।इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र में संचालित स्वर्णकार को अवगत कराया गया कि अपने प्रतिष्ठान में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी एवं चोरी की घटनाओं से बचने हेतु सीसीटीवी कैमरा का स्थापन अवश्य करवाएं। क्योंकि सीसीटीवी कैमरा तीसरी आंख के रूप में आपकी अनुपस्थिति में भी आपके प्रतिष्ठानों की निगरानी करता है।

## सीएम ने पूर्व विधायक राणा की माता के निधन पर जताया शोक

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता के पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा के घर पहुंचकर उनकी माता के निधन पर



शोक–संवेदना व्यक्त की और परिजनों का ढांढस बढ़ाया। श्री धामी ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति एवम अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की।

## विकास को मिली सोशल मीडिया की कमान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उधम सिंह नगर में भाजपा ने जिले की सोशल मीडिया की कमान रुद्रपुर निवासी विकास कुकरेजा को सौंपी है। भाजपा में अहम



जिम्मेदारी मिलते ही जिला कार्य समिति में हिसा लिया वही सीएम पुष्कर सिंह धामी सगठन महा मंत्री अजय, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोड़ा से आशीर्वाद लिया। विकास कुकरेजा ने कहा कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के विकास के एजेंडे को जन–जन तक पहुंचने का काम करेंगे।

## ओम प्रकाश बटला के नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम महेशपुर निवासी शिवम बठला के पिताजी ओमप्रकाश बटला के आकस्मिक निधन पर परिवार में शोक की लहर दौड़ गई परंतु परिजनों ने धैर्य रखते हुए पिता की इच्छा अनुसार उनके नेत्र दान किए जाने के संकल्प को पूरा किया। उन्होंने सोचो डिफरेंट नामक सामाजिक संस्था से संपर्क करके ओम प्रकाश बठला के नेत्रों का दान करवाया उनके नेत्रों से किन्हीं दो लोगों को रोशनी मिलेगी जो कि अन्य लोगों के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत है संस्था के संदीप चावला और विकास भुसरी ने सराहना करते हुए सभी



जागरूक लोगों से भी नेत्रदान का संकल्प करने का आहवान किया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अरण्यों और पार्कों में सैर सपाटा

वन्य जीव संरक्षण के लिए बनाए गए पार्कों, अरण्यों आदि को सैर-सपाटे की जगह बना देने ही का नतीजा है कि लुप्तप्राय जीवों की प्रजातियों को बचाने में कामयाबी नहीं मिल पा रही।इस तथ्य से पर्यावरण मंत्रालय अनजान नहीं है। मगर फिर भी कानूनों में बदलाव करके अभयारण्यों में चिड़ियाघर और सफारी शुरू करने की मंजूरी दे दी गई। पिछले साल जून में पुराने कानून में बदलाव करते हुए पर्यावरण मंत्रालय ने बाघ अभयारण्यों और दूसरे वन्यजीव संरक्षण के लिए बने अरण्यों और पार्कों के फैलाव वाले इलाकों में चिड़ियाघर और सैर-सपाटे के लिए खोलने की मंजूरी दे दी।इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया था। उस समिति ने सिफारिश की है कि अभयारण्यों और वन्यजीव संरक्षण पार्कों के फैलाव वाले इलाकों में ऐसी गतिविधियों की मंजूरी तुरंत वापस ली जानी चाहिए।इन फैलाव वाले इलाकों में केवल घायल या बीमार वन्यजीवों के उपचार आदि के लिए गतिविधियां शुरू की जा सकती हैं। खासकर बाघों के संरक्षण को लेकर इसमें अधिक चिंता जताई गई है, क्योंकि उनके संरक्षण को लेकर अब तक किए गए प्रयास विफल ही साबित हुए हैं। मानवीय गतिविधियों का उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह छिपा नहीं है कि तमाम अभयारण्यों के भीतर और उनके फैलाव वाले इलाकों में सैर-सपाटे को बढ़ावा देने के मकसद से चोरी-छिपे अनेक प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियां चलाई जाती हैं। बहुत सारे अभयारण्यों में मोटेल, विश्राम गृह, रेस्तरां और जलसे आदि के लिए जगहें बना दी गई हैं, जिनमें पूरे साल कुछ न कुछ गतिविधियां चलती रहती हैं। इन अभयारण्यों की तरफ सैलानियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन तक दिए जाते हैं। कई जगह सफारी शुरू की गई है। यानी गाड़ियों में बिठा कर सैलानियों को उन वनों में विहार कराया जाता है। चिड़ियाघर खोलने की इजाजत देने के पीछे भी मकसद यही है कि इससे सैलानियों को आकर्षित किया जा सकता है। अभयारण्य और वन्यजीव पार्क पर्यटन को बढ़ावा देने का कारगर माध्यम साबित होते हैं। इसलिए सरकारें राजस्व के लोभ में ऐसी जगहों पर पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं। मगर इन गतिविधियों के चलते वन्यजीवों के स्वाभाविक जीवन पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इससे उनकी प्रजनन क्षमता घटती और कई बीमारियां घेर लेती हैं। वन्यजीव अंगों की तस्करी करने वालों की भी इस तरह अभयारण्यों में घुसपैठ आसान हो जाती है। इसलिए वन्यजीवों के लिए काम करने वाली संस्थाएं और विशेषज्ञ लगातार कहते रहे हैं कि अभयारण्यों के आसपास व्यावसायिक गतिविधियां नहीं चलाई जानी चाहिए। अभयारण्यों में होटल, मोटेल, रेस्तरां, जलसाघर, विश्रामगृह, सफारी आदि खुलने से वहां हर समय वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। रात को भी तेज रोशनी होती और जलसों में बजने वाले तेज संगीत आदि से वन्यजीवों का स्वाभाविक जीवन प्रभावित होता है। वे हर समय एक प्रकार के भय में जीते हैं। न तो ठीक से उनका भोजन हो पाता है और न ही पूरी नींद ले पाते हैं। यही वजह है कि बहुत सारे लुप्तप्राय वन्यजीवों की प्रजनन दर घट जाती और वे बीमार रहने लगते हैं। बाघों के मामले में अनेक प्रयासों के बावजूद उनकी संख्या बढ़ाना चुनौती बनी हुई है। अभयारण्यों के भीतर मानवीय गतिविधियां समाप्त करने के इरादे से ही सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ साल पहले उनमें बसे गांवों को हटाने का आदेश दिया था। इन तथ्यों से वाकिफ होने के बावजूद अगर पर्यावरण मंत्रालय ने व्यावसायिक गतिविधियों की मंजूरी दी, तो यह हैरानी की बात है।

# मुख्य सचिव ने किया पिथौरागढ़ स्थित नैनी सैनी एयरपोर्ट व बेस अस्पताल भवन का स्थलीय निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने आज पिथौरागढ़ स्थित नैनी सैनी एयरपोर्ट व बेस अस्पताल भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्य सचिव के सामने हवाई पट्टी के विस्तारीकरण सम्बन्धी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्य सचिव को सचिव नागरिक उड्डयन दिलीप जावलकर ने अवगत कराया कि आगामी 2 माह के भीतर हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। इसके बाद मुख्य सचिव द्वारा पिथौरागढ़ बेस अस्पताल भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी को अस्पताल भवन के हैंड ओवर की कार्रवाई तुरन्त करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि पिथौरागढ़ स्थित बेस चिकित्सालय के संचालन को लेकर सचिवालय स्तर पर भी कुछ दिन पूर्व बैठक आयोजित की गई थी। बेस चिकित्सालय का संचालन अतिशीघ्र शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री दिलीप जावलकर, सचिव परिवहन श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, जिलाधिकारी रीना जोशी, मुख्य विकास अधिकारी श्री वरुण चौधरी, एसपी श्री लोकेश्वर सिंह, अपर जिलाधिकारी श्री फिंचाराम चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएस ह्यांकी आदि उपस्थित थे। वहीं मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सचिवालय में हेलीपोर्ट्स एवं हेलीपैड्स की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी हेलीपैड्स और हेलीपोर्ट्स का निर्माण कार्य पूर्ण होने की उत्तरोत्तर तिथियां निर्धारित की जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के पर्यटक स्थलों को ध्यान में रखते हुए लगातार नए हेलीपोर्ट्स और हेलीपैड्स बनाए जाएं, प्रदेश के दूरदराज के अनछुए क्षेत्रों में भी पर्यटन स्थलों की तलाश लगातार जारी रखते हुए वहां हेलीपैड्स और हेलीपोर्ट्स तैयार किए जाएं। इस अवसर पर सचिव श्री दिलीप जावलकर सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।





# शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर किया शिक्षा मंत्री का घेराव

देहरादून। प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग को लेकर बीएड, टीईटी, डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगारों ने शिक्षामंत्री डा. धन सिंह रावत के यमुना कालोनी स्थित आवास का घेराव किया। प्रशिक्षित दिन में 11 बजे से शाम चार बजे तक वहीं धरने पर बैठे रहे, मगर उनकी मंत्री से बात नहीं हो पाई।बुधवार सुबह प्रदेशभर से पहुंचे प्रशिक्षितों ने प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया। प्रशिक्षितों का कहना था कि विभाग ने सहायक अध्यापक प्राथमिक के रिक्त पदों पर वर्ष 2018, 2020 और 2021 में लगभग तीन हजार पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की, मगर लंबा समय बीतने के बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। जिससे प्रशिक्षित युवाओं में भारी रोष है।महासंघ के पूर्व मीडिया प्रभारी अरविंद राणा ने कहा कि वे लंबे समय से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने को वार्ता कर रहे हैं, मगर विभाग कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा है। बागेश्वर से पहुंचे नरेंद्र रौतेला ने कहा कि उनकी राजकीय सेवा के लिए उम्र की सीमा पूरी हो चुकी है और भर्ती ही उनके चयन की एक मात्र उम्मीद है। भविष्य में होने वाली भर्ती में वह आवेदन नहीं कर पाएंगे। सैकड़ों अभ्यर्थियों के साथ यही स्थिति है। महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष संगीता शाह ने आरोप लगाया कि वे शिक्षा मंत्री से बात करने को एकत्र हुए थे, लेकिन शिक्षा मंत्री उनसे मिले बिना चले गए। धरना देने वालों में मनोज भारत, प्रवीण खजाना, राकेश, प्रीति, मधू, रेखा, रिंकी आदि शामिल रहे।

# 17 साल बाद भी नहीं मिला है किसानों को मुआवजा

## जल्द नही मिला मुवावजा तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन

बागेश्वर (उद संवाददाता)। पहाड़ में सड़क बनाने के लिए काश्तकारों को अपनी भूमि के मुवाबजे के लिए तरसना पड़ रहा है,17 वर्ष बीत जाने के बाद भी 47 किसानों को सड़क में कटी भूमि का मुआवजा नहीं मिल सका है। वह लगातार मुआवजे की मांग कर रहे हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने अब आर-पार की जंग का एलान कर दिया है। बुधवार को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य इं. टीएस रावत के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कमेड़ीदेवी-स्यांकोट मोटर मार्ग 17 वर्ष पहले काटी गई। जिसमें मजगांव के 60 काश्तकारों की लगभग 104 नाली भूमि काटी गई। जिसमें 12 किसानों को भूमि का मुआवजा दिया गया। 47 किसान लोनिवि के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि लोनिवि के मुख्य अभियंता,जिलाधिकारी के आदेशों का भी उल्लंघन किया गया। किसानों ने कहा कि उनके पास भूमि नहीं रही। उन्हें मुआवजा भी नहीं मिला। वह अब उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान किसान महिपाल सिंह रावत, भीम सिंह रावत, प्रताप सिंह रावत, तेज सिंह रावत, हयात सिंह रावत, जीवन सिंह, किशन सिंह, हरीश रावत, हेमेंत सिंह, हीरा सिंह, मान सिंह आदि उपस्थित थे।

# सरहदी गाँधी-खान अब्दुलगफ्फार खान

बात उन दिनों की है, महात्मा गाँधी को दक्षिण अफ्रीका से लौटे अभी चंद वर्ष ही बीते थे। जल्द ही उनके द्वारा चलाये जा रहे अहिंसक, सत्यग्रह की चर्चा चारो तरफ होने लगी थी। सैकड़ों मील दूर अफगानिस्तान की सरहद पर पशतून पठान कबीले तक भी यह बात पहुंची। इसी कबीले के एक पढे लिखे नौजवान को सत्य, अहिंसा पर आधारित गाँधी का फल्सफा ऐसा भाया कि उसने जनसेवा को ही अब अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। इस पठान के त्याग और बलिदान को देख कर ही लोगों ने आगे चलकर उन्हें 'सरहदी गाँधी' का खिताब दिया। इस जियाले नौजवान का पूरा नाम था श्खान अब्दुलगफ्फार खानश। लोग उन्हें प्यार से बाचा खान या बादशाह खान के नाम से भी बुलाया करते। 'खान अब्दुलगफ्फार' का जन्म सीमान्त प्रान्त में (वर्तमान पाकिस्तान) 6 फरवरी 1890 को हुआ था। पिता 'बेहराम खान' रुसूख वाले व्यक्ति थे। इन्हें मिशनरी स्कूल में पढ़ने भेजा गया । इसके बाद उच्च शिक्षा के लिये वे अलीगढ़ आये। ऊंची कद-काठी वाले बादशाह खान दर-असल फौज में अफसर बनना चाहते थे। एक बार एक भारतीय अफसर को किसी अंग्रेज अधिकारी द्वारा अपमानित हुए देखा। अपना आत्मसम्मान खोकर उन्हें ब्रिटिश फौज की नौकरी करना भला अब क्योंकर गंवारा होता? उसी वक्त उन्होंने ब्रिटिश फौज की नौकरी का ख्याल अपने दिल सेहमेशा के लिये निकाल दिया। बादशाह खान का जन्म सीमांत प्रांत के जिस पश्तून पठान कबीले में हुआ था। वहाँ शिक्षा और आधुनिक जीवन मूल्यों का अभाव था। लोग आपस में कबीलों के नाम पर बटे हुए थे। हथियार और हिंसा का तो जैसे चोली दामन का साथ हुआ करता। खानदानी दुश्मनी निभाना,एक दूसरे से बदला लेने का चलन भी आम था। महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय थी। इन कठिन परिस्थितियों में बादशाह खान ने इन पठानों के बीच जन जागृति लाने का निश्चय किया। अभी उनकी उम्र केवल 20 वर्ष की ही थी। सब से पहले उन्होंने 1910 में लडकियों की शिक्षा के लिये एक स्कूल खोला। इस के बाद श्अफगान रिफॉर्म सोसाइटीश नामक संस्था बनाई। धीरे धीरे स्थानीय लोग इनसे जुडने लगे। अपनी कौम की दुर्दशा देख कर उन्हें बडा दुख होता। वे जानते थे कि यदि एक बार वे इन पठानों का दिल जीतने में कामियाब हो गये तो फिर बदलाव से इन्हें कोई नहीं रोक सकता। वे एक जत्था बनाकर गावँ-गावँ घूमकर लोगों को इकट्ठा करते। अपने भाषणों में वे अक्सर बल देकर कहते ष्हमें अपने जीवन का आराम, समय और पैसा अपनी कौम की भलाई के लिये खर्च करना चाहिए। संसार में उन्हीं कौमों ने तरक्की की जिन्होने अपना स्वार्थ त्याग कर औरों के दुख दर्द को अपना जाना, एक जुट होकर सामजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयास किया। इन्सान और हैवान में यही तो एक अन्तर है। हैवान केवल खुद के लिये जीता है। को अपना जीवन सुधारने के लिये सामूहिक प्रयास करने चाहिए।केवल स्वयं की उन्नति के बारे में प्रयास करते रहना तो पशु प्रवृत्ति है। इस तरह अपने असरदार भाषणों से लोगों को औरों की खातिर जीने के लिए प्रेरित करते। 1929 में उन्होने खुदाई खिदमतगार नाम से एक संस्था बनाई। खुदाई खिदमतगार का मतलब हुआ खुदा की खिदमत करने वाले, लेकिन खुदा को भला किसी की खिदमत की क्या जरूरत? खुदा के बन्दों की सेवा करना ही खुदा की सेवा करना। इस संस्था के दो अहम लक्ष्य थे सेवा कार्य और दूसरे ब्रिटिश सरकार की गुलामी से आजादी।खुदाई खिदमतगारों से जुड़ने की शर्तें थीं जीवन भर अहिंसा के मार्ग पर चलना और हिंसा से दूर रहना,अमीर हो या गरीब दिन में दो घन्टे श्रम करना,अपने जीवन में सादगी और सच्चाई का पालन करना,आपस में किसी तरह का भेदभाव न रखना और अपनी पहचान के तौर पर लाल कुरती पहनना। गाँव गाँवजाकर बादशाह खान पठानों को अंग्रेजों की गुलामी का एहसास भी करवाते जाते। वे साथ ही शिक्षा और आधूनिक जीवन मूल्योंसे भी उन्हें रुबरू करवाते जाते। बाहर से कठोर लेकिन भीतर से अति कोमल पठानों के दिल पर बादशाह खान की बातों का करिश्माई असर दिखाई देने लगा। कल तक यही पठान बात पर हवा में हथियार लहराया करते। आज वे ही लोग अंग्रेजों के जुल्म व सितम के बावजूद शांति से मोर्चे पर अडिग रहा करते।देखते ही देखते कुछ ही वर्षों में सैकड़ों खुदाई खिदमतगार ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ एकत्र होने लगे। खैबरपख्तून में खुदाई खिदमतगारों की एक ऐसी सेना तैयार हो गयी। ऐसी सेना जो सच्चाई और अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपनी जान तक देने तक को तैयार रहती। इन खुदाई खिदमतगारों के जज्बे को देख कर ब्रिटिश कहा करते हिंसा पर उतारु पठानो को रोका जा सकता है लेकिन इनसत्याग्रहियोंसे निपटना अधिक मुश्किल है। बादशाह खान के आन्दोलन को कुचलने के लिये ब्रिटिश सरकार ने दमन का मार्ग चुना। अब बार-बार उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाता। कड़ाके की सर्द रातों में में फर्श पर सुलाया जाता। बादशाह खान जिस भी जेल में कैदी बन कर जाते यहाँ उनके नाप के कपडे मिलना मुश्किल हो जाता। अक्सर उन्हीं तंग कपड़ों में उन्होंने लंबी लंबी सजाएं काटी।स्वतंत्रता के आन्दोलन में बादशाह खान एक ऐसे स्वतंत्रता सेनानी रहे जिन्होंने जिनके जीवन का बेश्तर हिस्सा कैद में गुजारा। जलसे या मोर्चे में बादशाह खान के होने मात्र से सरकारें खौफ खाया करती थीं । ब्रिटिश हुकूमत लगातार उनकी मूमेंट पर नजर बनाये रखती। इसी लिये उन्हें अंग्रेज सरकार ने पूरे15 वर्षों तक जेल में बंदी बनाये रखा। स्वतन्त्रता के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिली विभाजनके बाद पाकिस्तान सरकार को इस गांधीवादी नेता का स्वतंत्र रहना रास ना आया। यहाँ की सरकारों ने भी उन्हें 15 वर्षों तक जेलों, में सख्त यात्नायें सहनी पड़ीं, उनके साथियों को भी खूब प्रताड़ित किया गया। इसके बावजूद बादशाह खान और उनके साथियों ने कभी हिंसा का मार्ग को नहीं अपनाया। कुछ वर्षों बाद बादशाह खान की संस्था खुदाई खिदमतगार और काँग्रेस का विलय हुआ।यहाँ भी अपने सेवा भाव अहिंसा के चलते खुदाई खिदमतगारों ने अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। कांग्रेस से जुड़ने के बाद भी वे एक सिपाही की तरह ही रहे। 1934 के वर्धा अधिवेशन में खान अब्दुलगफ्फार खान को कांग्रेस की अध्यक्षता का प्रस्ताव भी दिया दिया गया। लेकिन बादशाह खान ने बड़ी विनम्रता से यह कह कर प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया कि ष्मैं एक सिपाही हूं और सिपाही ही बने रहना चाहता हूं। एक बार गांधी जी से बात करते हुए अहिंसा के विषय पर चर्चा होने लगी। बादशाह खान ने गांधी जी से पूछा ष्हम पठानों को अहिंसा का सबक सीखे कुछ ही वर्ष हुए हैं। जबकि आप कई वर्षों से यहां के लोगों को अहिंसा को अपनाने की सीख देते रहे हैं। इसके बावजूद भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान इलाके में कई स्थानों पर हिंसक घटनाएं हुईं। वहीं, इसकी तुलना में सरहद के पठान अंग्रेजों के जुल्म सहते रहे लेकिन उन्होंने किसी भी सूरत में हथियार नहीं उठाए जबकि बड़ी आसानी से उन्हें भी हथियार उप्लब्ध थे।सवाल सुनकर गांधी मन ही मन मुस्कुराए और कहा, 'बादशाह खान ! अहिंसा के मार्ग पर चलना बहादुरों का काम है, बुजदिलों का नहीं, पठान औरों से अधिक बहादुर कौम है, यह इस बात का सबूत है। महात्मा गांधी की तरह बादशाह खान नहीं चाहते थे कि धर्म के नाम पर देश को बाटा जाये। वे अंत तक लगातार कोशिश करते रहे कि भारत अखंड और एक बना रहे। लेकिन आखिर कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने विभाजन के प्रस्ताव को स्वीकृति देदी। धर्म के नाम पर देश के विभाजन से गांधी जितने आहत हुए सरहदी गांधी भी उतने ही विचलित और दुखी थे। बुझे मन से वे अक्सर कहा करते भारत विभाजन का निर्णय लेते समय हम पठानों के बारे में किसी ने विचार नहीं किया। हमें खुदा के रहमों करम पर छोड़ दिया गया। बादशाह खान चाहते तो विभाजन के बाद वे भारत में शानसे रह सकते थे लेकिन उन्हें अपने पठान भाइयों की फिक्र थी। पाकिस्तान बनने के बाद भी खान अब्दुलगफ्फार खान ने अपना संघर्ष जारी रखा। वे पश्तून पठानों के अधिकारों के लिए लगातार वहाँ की सरकारो से जूझते रहे। यहां तक कि पाकिस्तान सरकार ने उन्हें भारत का एजेंट तक करार दे दिया। उन्हें वर्षों तक जेल में यातनाएं दी जाती रही। 30 वर्षों तक जेल में रहने से उनकी सेहत अब जवाब देने लगी थी। बादशाह खान ने एक लंबी उम्र पायी। जब तक सक्रिय रहे देश और समाज के लिये कार्य करते रहे। 1987 को भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न पुरस्कार से स्मानित किया । इसके एक वर्ष बाद ही 20 जनवरी 1988 को बादशाह खान ने 98 वर्ष की आयु में एक संघर्ष पूर्ण जी कर इस दुनिया से विदा ली।सरहदी गाँधी जैसे महान व्यक्तित्व से अवगत होना यानी साझा संस्कृति और इतिहास को याद रखना है। हिन्दू मुस्लिम एकता और देश की अखंडता के लिये मर मिटने वाले सरहदी गाँधी का जीवन हमारे भीतर एक विश्वास पैदा करता है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि बादशाह खान गंगा-जमुनी तहजीब के एक रोशन सितारे की तरह थे। बादशाह खान की इंसान दोस्ती और प्रेम को सरहद के दोनों तरफ याद रखा जाएगा।



**-मुख्तार खान**
**जनवादी लेखक संघ, महाराष्ट्र**

# हरीश रावत और प्रीतम सिंह की मुलाकात से गरमाई सियासत

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश रावत बुधवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह से मिलने उनके यमुना कालोनी स्थित आवास पहुंचे। पार्टी के दोनों क्षत्रपों की मुलाकात के राजनीतिक निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। दोनों नेताओं ने एकदूसरे के साथ काफी देर तक बातचीत की। साथ ही यह भी कहा कि कांग्रेस के सामने चुनौतियों का कांग्रेस एकजुट होकर सामना करेगी। प्रदेश में अगले वर्ष लोकसभा चुनाव होने हैं। इसी वर्ष आठ महीने बाद नगर निकाय चुनाव भी होंगे। पार्टी इन चुनावों में पिछले इतिहास को दोहराना नहीं चाहती। इसे ध्यान में रखकर प्रदेश के दिग्गज नेताओं के रुख में भी बदलाव के आसार बनने लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चकराता से छठी बार विधायक प्रीतम सिंह से मिलने के लिए अचानक उनके आवास पर पहुंचने से पार्टी के भीतर भी राजनीति गर्मा गई है। दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से तलवारें खिंची हुई हैं। पिछले विधानसभा चुनाव से महज नौ महीने पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद से प्रीतम और हरीश रावत एकदूसरे के आमने-सामने आ गए थे। प्रीतम सिंह



को पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष का पद थमाया था। चुनाव से पहले जहां हरीश रावत चेहरा घोषित करने पर बल देते रहे तो प्रीतम सिंह इसके विरोध में सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लडने के प्रबल पैरोकार रहे थे। विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस हाईकमान ने जब गाज गिराई तो उसकी जद में प्रीतम सिंह भी आए थे। नेता प्रतिपक्ष पद पर उनके दावे को पार्टी ने दरकिनार कर दिया। इस उपेक्षा से आहत प्रीतम सिंह और हरीश रावत के बीच छत्तीस का आंकड़ा रहा। अब अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर पार्टी क्षत्रप राजनीतिक परिस्थितियों को सामान्य बनाने पर बल दे रहे हैं। माना जा रहा है कि हरीश रावत हरिद्वार संसदीय सीट से अपनी दावेदारी ठोक सकते हैं। पिछला लोकसभा चुनाव रावत ने नैनीताल संसदीय सीट से लड़ा था। रावत हरिद्वार से सांसद तो रहे ही, केंद्र की यूपीए सरकार में कैबिनेट मंत्री और फिर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने में भी सफल रहे। प्रीतम सिंह की हरिद्वार के बड़े नेताओं में अच्छी पैठ मानी जाती है। साथ में हरिद्वार सीट के अंतर्गत देहरादून जिले की तीन विधानसभा सीटों पर भी प्रीतम का रुख सहयोगी हरीश रावत के लिए लाभदायक स्थिति बना सकता है। दोनों नेताओं की मुलाकात को इस दृष्टि से भी देखा जा रहा है। इस मुलाकात के बाद प्रीतम सिंह ने कहा कि हरीश रावत पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उनसे मुलाकात के दौरान पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। कमोबेश इसी तरह की टिप्पणी हरीश रावत ने भी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने लक्ष्य को पाने के लिए मजबूत इरादे के साथ आगे बढ़ेगी।

# महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय विशाल भंडारे की सभी तैयारियां पूर्ण: चौहान

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन मौके पर काशीपुर के शिव भक्तों द्वारा शेरकोट स्थित बड़े शिव मंदिर में दो दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नामित पार्षद तेजवीर सिंह चौहान ने बताया कि पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, डॉ यशपाल रावत, आशीष अरोरा बॉबी, प्रदीप चौहान, प्रेम शंकर गुड्डू, पार्षद मोनू चौधरी, मनोज राणा व बिट्टू राणा आदि के विशेष सहयोग से शेरकोट स्थित बड़े शिव मंदिर में पिछले 10 वर्षों से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धार्मिक आयोजन के मुख्य महंत सुशील शर्मा जी हैं। पार्षद तेजवीर चौहान ने यह भी बताया कि 14 फरवरी एवं 15 फरवरी को बड़े शिव मंदिर पर



विशाल भंडारे के आयोजन को लेकर तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अनिल कुमार शर्मा सीएल साहब एवं राजीव सक्सेना आदि का पुनीत कार्यक्रम में विशेष योगदान है। उन्होंने बताया कि काशीपुर के शिव भक्तों की टोली दो दिवसीय विशाल भंडारे के आयोजन को भली प्रकार से संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह तैयार हो चुकी है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पवित्र गंगाजल लेकर गंतव्य की ओर लौटने वाले कांवरियों की सेवा के लिए व्यवस्था विधिवत की जा रही है। उन्होंने बताया कि हरिद्वार मार्ग पर पड़ने वाले इस मंदिर में पिछले कई वर्षों से भगवान भोलेनाथ के भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। पार्षद श्री चौहान ने क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता से भी अपील किया है कि वह शिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने।

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स टीम पटना रवाना

बागेश्वर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों की टीम प्रतिभाग करने के




लिए टीम रवाना हो गई है।दस फरवरी से यह प्रतियागिता पटना में आयोजित होगी। जिले के खिलाड़ियों को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।18वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता दस से 12 फरवरी तक पटना विहार में आयोजित हो रही है। इसमें शामिल होने के लिए जिले की 13 सदस्यीय टीम रवाना हो गई है। टीम को रवाना करते हुए ऐठानी ने कहा कि बागेश्वर जिला हर खेल में आगे है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं।खिलाड़ियों का जोश देखकर ही लग रहा है कि जिले के खिलाड़ी इस बार भी यहां की टीम राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवाएगी।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को देवभूमि की माटी यहां के पानी की अमृत धारा का लाभ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाकर करने की बात कही, और खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष गणेश धपोला, दरबान सिंह ऐठानी, खजान बघरी, पंकज पांडे, संजीव खेतवाल, रोशन गड़िया, ललित मोहन जनौटी आदि मौजूद रहे। टीम के साथ कोच अर्जुन धपोला, टीम मैनेजर भुवन बोरा शामिल हैं।

# कार्यशाला में छात्राओं को दी अहम जानकारियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी



में रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेल के तत्वावधान में श्प्रोटेक्शन एंड एनफोर्समेंट आफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स अपॉर्चुनिटी एंड चौलेंजश विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित द्वारा की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रोफेसर सीडी सूंठा, विशिष्ट अतिथि प्रो. एसडी तिवारी, मुख्य वक्ता प्रो. एलएम. तिवारी आदि उपस्थित थे। कार्यशाला की संयोजिका डा. सरस्वती बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डा. सरस्वती बिष्ट द्वारा लिखित पुस्तक सूक्ष्मजीव शैवाल कवक एवं ब्रायोफाइट्स का विमोचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

# भालू के हमले के पीड़ित को मिले इलाज का खर्च

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भालू के हमले में घायल का उपचार कराने की मांग को लेकर चुचेर के ग्रामीण प्रभगीय वनाधिकारी से मिले, उन्होंने बताया कि भालू के हमले में भगत सिंह पुत्र दान की दोनों आंखें चली गई हैं। उनका एम्स ऋषिकेश में इलाल चल रहा है। उन्होंने विभाग से इलाज का खर्च देने तथा परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। मांग करने वालों में ग्राम प्रधान भूपाल सिंह, त्रिलोक सिंह, गोकर्ण सिंह, देबुली देवी आदि मौजूद रहे।

# सौंग-मुनार में बाइकों में की तोड़फोड़

कपकोट(उद संवाददाता)। कपकोट थाना पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत सूपी, तलाई, रिखाड़ी, सौंग तथा मुनार में इन दिनों अराजक तत्वों का बोलबाला है। मंगलवार की रात इन लोगों ने क्षेत्र के लोगों की बाइकों में तोड़फोड़ कर दी। उनकी बाइकों को इधर-उधर फेंक दिया। इसके विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। जल्द मामले का खुलासा करने की मांग की है। इस मौके पर बलबीर सिंह टाकुली, चंचल सिंह, किशन सिंह, मोहन सिंह, दलीप सिंह, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।






## पेज एक का शेष...

**भर्तियो में धांधली के खिलाफ...**युवाओं ने बुधवार को गांधी पार्क के बाहर सत्याग्रह शुरू किया था। लेकिन देर रात पुलिस ने इन्हें जबरन उठा दिया। जिससे युवाओं में आक्रोश बढ़ गया। गुरुवार को गांधी पार्क के सामने विरोध करने युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। युवाओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। जाम के चलते घंटा घर से राजपुर रोड की तरफ ट्रैफिक जाम हो गया। पुलिस ने बेरोजगार युवाओं को समझाने का प्रयास किया,पर वह नहीं माने।इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारी युवाओं के बीच झडप भी हुई। राजपुर रोड पर जाम लगाने के कारण पुलिस को ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा। जिस वजह से शहर के सभी मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन गयी। इस बीच प्रदर्शनकारी युवाओं ने मांग उठाई कि पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। साथ ही जब तक नकलरोधी कानून नहीं बन जाता, तब तक कोई भी भर्ती परीक्षा न कराई जाए।इस दौरान उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश सिंह ने बताया कि लोक सेवा चयन आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से करवाई गई सभी परीक्षाओं में जमकर धांधली हुई है। धांधली की वजह से तमाम परीक्षाएं निरस्त हुई हैं। पुलिस, पटवारी, वन क्षेत्राधिकारी, लोअर पीसीएस, अपर पीसीएस, आरओ, एआरओ, पीसीएस जे, प्रवक्ता एई, जेई की परीक्षाएं दे चुके युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। ऐसे में परीक्षा नियंत्रकों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए।कहा कि दोनों ही आयोग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सीबीआई जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में की जाए। इसके अलावा नकल करने वाले और नकल करवाने वालों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। सुरेश सिंह ने बताया कि पटवारी की परीक्षा 12 फरवरी को होनी है। संभव है कि इस परीक्षा में भी धांधली की जाएगी। ऐसे में नकलरोधी कानून लाने के बाद ही कोई परीक्षा करवाई जाए। लगातार भर्तियों में धांधली की खबर सामने आने से युवाओं का भरोसा डगमगाने लगा है। देहरादून गांधी पार्क में बैठे बेरोजगार छात्रों को जबरन उठाए जाने के विरोध में उत्तरकाशी में भी छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रभारी मंत्री से मिलने के लिए छात्रों का जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। लेकिन कलेक्ट्रेट गेट पर पुलिस और प्रशासन ने छात्रों को रोका। वही प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उन्हें छात्रों को जबरन उठाए जाने के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

**दूसरी बेटी होने पर...**धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर हाइडल कॉलोनी बाजपुर रोड निवासी शशि नागर पत्नी मदन मोहन नागर ने बताया कि वर्ष 2014 की 28 अप्रैल को उसकी पुत्री हेमा ठाकुर का विवाह ग्राम नूरपुर बाजपुर निवासी विकास कुमार पुत्र रमेश चंद्र के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। शादी में कन्या पक्ष द्वारा दान दहेज भी दिया गया इसके बावजूद भी ससुरालियों का व्यवहार विवाहिता के प्रति ठीक नहीं था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज की खातिर पति बुरी तरह उत्पीड़न करने लगा। इस दौरान कई बार पंचायतें हुई लेकिन लोभी पति की आदतों में कोई सुधार नहीं आया। इसी बीच 8 अगस्त 2015 को विवाहिता ने पुत्री को जन्म दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बेटी के पैदा होने के बाद पति कहा करता था कि तूने एक पुत्री और पैदा कर दिया अब इसके लिए भी दहेज का इंतजाम करना पड़ेगा। प्रताड़ना की हद होने पर मायके वालों से कह कर पीड़िता ने एक मोटरसाइकिल व कार दिलाई लेकिन लोभी ससुरालियों का कहर कम नहीं हुआ वह अत्यधिक दहेज के लिए विवाहिता को लगातार प्रताड़ित करते रहे। 2022 के अप्रैल माह में सिरफिरे पति ने पत्नी को गर्भावस्था में उसके मायके छोड़ दिया। 2022 की 2 दिसंबर को पीड़िता ने दोबारा जब पुत्री को जन्म दिया तो ससुराल वालों का पारा हाई हो गया। डिलीवरी की सूचना मिलने पर पति ने साफ कह दिया कि तू अपनी बेटियां अपने पास रख मैं शादी दूसरी करने जा रहा हूं। आरोपी पति ने 6 दिसंबर 2022 को दूसरी शादी का ऐलान कर दिया। इस तरह विवाहिता नगर की रही ना घाट की रही। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के अलावा मारपीट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**विवाह समारोह से...** के शिनाख्त का प्रयास हुआ। प्रयास करने पर सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए व्यक्ति की शिनाख्त पारस जोशी पुत्र रमेश चन्द्र जोशी, निवासी बख्शीखोला, अल्मोड़ा के रुप में हुई। एसएसआई सतीश चन्द्र कापड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुरागरसी करते हुए आरोपी पारस जोशी को बख्शीखोला के एक खंडहर से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पर्स में रखे 36,800 रुपये व एक भूरे रंग का लेडीज पर्स से 117 रंग बिरंगी शगुन के खाली लिफाफे बरामद किए। उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई है। अभियोग दर्ज होने के दो घंटे बाद ही पुलिस ने चोर दबोच लिया। पुलिस टीम में एसएसआई सतीश चंद्र कापड़ी के साथ एनटीडी चौकी प्रभारी बिशन लाल व आरक्षी खुशाल राम शामिल रहे। छानबीन में पता चला कि पारस जोशी चोरी के आरोप में पहले भी जेल जा चुका है। इसके खिलाफ वर्ष 2019 में एनडीपीएस एक्ट तथा वर्ष 2020 में धारा 379/411 आईपीसी के तहत कोतवाली अल्मोड़ा में मुकदमा दर्ज हो चुका है।

**जलते ट्रक को ...**जलते हुए कंटेनर को करीब तीन किमी दून-पांवटा हाईवे के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई की सड़क से होता हुआ सेलाकुई स्थित फायर स्टेशन पहुंचा। जैसे ही दमकल कर्मियों ने गेट पर जलता हुआ कंटेनर देखा, भौचक्के रह गए। बिना देरी किए फायर स्टेशन ऑफिसर रमेश चंद गौतम की अगुवाई में आग बुझाने में दमकम कर्मी जुट गए। कंटेनर के चारों तरफ से बंद होने की वजह से ग्राइंडर की मदद से पहले छत के कुछ हिस्से को काटा गया। जहां से पानी की बौछारें कर किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग बुझने पर सभी ने राहत की सांस ली। आग से कंटेनर को भी काफी नुकसान पहुंचा। एफएसओ ने बताया कंटेनर में लदे स्क्रैब को रोशनाबाद हरिद्वार ले जाया जा रहा था।

**मीडिया कर्मी से ...**स्ट्रीट के सामने दो युवक नरेन्द्र सिंह साथ बेवजह उलझने लगे और धमकाने लगे। कुछ आगे झील के सामने उक्त दोनों युवकों ने पुन: नरेन्द्र को घेर लिया और अंधेरे का फायदा उठाकर मारपीट करने लगे। एक युवक ने नरेन्द्र की जेब से मोबाइल निकाल लिया और दोनों जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये। नरेन्द्र ने मामले की तहरीर पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में नरेन्द्र ने बताया कि लूटे गये मोबाइल में उसका आइडिया का सिम (963936085) था, जिसका उक्त बदमाश दुरूपयोग कर सकते हैं।

**सीएम ने किया...**द्वारा देहरादून के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उप जिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट, सहित रामू जोशी, हेमराज बजरंगी, किशन सिंह बिष्ट, भुवन भट्ट, राम सिंह जेठी आदि उपस्थित थे।

**दबंग का तांडव...**भी मारपीट शुरू कर दी। उनके पास पिस्टल व अन्य हथियार थे। शोर सुनकर राह चलते लोग एकत्र हुए तो उक्त लोग हथियार लहराते हुए धमकी देकर फरार हो गये। घटना सीसी टीवी कैमरें में भी कैद हुयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**१०५ ग्राम ...**था। पुलिस पकडे गये आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। पकड़ने वाली में टीम में एसएसआइ कमाल हसन, एसएसआइ द्वितीय केसी आर्य, एएनटीएफ प्रभारी जसवीर चौहान, आसिफ हुसैन, हरीश गोस्वामी, विनोद खत्री आदि शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भाजपा की दो दिवसीय कार्यसमिति का समापन

## देश संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है : अजेय कुमार

खटीमा(उद संवाददाता)। बंधन बैंकेट हॉल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी दो दिवसीय जिला कार्यसमिति के दूसरे दिन उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार द्वारा मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार ने दूसरे दिन उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक विषय पर अपने विचार रखे । उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी सिर्फ राजैनतिक दृष्टिकोण से ही कार्य नही करती बल्कि उनके एक एक सिंह धामी मुख्यसेवक के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे है। हम सेवा ही संगठन के मंत्र के साथ वर्षो वर्ष से कार्य करते आ रहे हैं जिसका उदाहरण दो साल देश ने कोरोना महामारी को झेला लेकिन हमारे कार्यकर्ता लगातार समाज और जनता की सेवा में सक्रिय रहे। हमारा लक्ष्य देश संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर लोक कल्याण के कार्य को आगे बढ़ाने का जो संगठन के कार्यो के साथ साथ समाज हित मे सदैव आगे रहती है। वही गणेश जोशी ने राजनीतिक प्रस्ताव पर अपनी बात रखते हुए कहा भारत मे नये युग का शुरुआत हुआ है जो वैश्विक स्तर पर सशखृत ओर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है जिसका उदाहरण है कि देश जी20 की अध्यक्षता कर रहा है यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के कारण सम्भव हो पाया है । वही कारण सम्भव हुआ है। प्रभारी मंत्री ने कहा देश के अनदाता हमारे किसानो को समान निधि के माध्यम से किसानों का मान बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। वही राज्य में लगातार प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री लगातार लोकहित में निर्णय लेने का कार्य कर रहे हैं , चाहे वह प्रदेश में भू कानून हो राज्य में धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून बनाया गया हो और प्रदेश में का कार्य करती आई है जबकि भारतीय जनता पार्टी में चाय बेचने वाले को देश का प्रधानमंत्री बनाया है। बैठक में राजनैतिक प्रस्ताव पर चर्चा के लिये रुद्रपुर विधानसभा शिव अरोरा ने अपने विचार रखे जिसमे उन्होंने बताया भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है निश्चित रूप से हम जनप्रतिनिधि के रूप जनता के नेतृत्व करते हैं इसलिए हमारा दायित्व है जन हित से जुड़े भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है। समापन सत्र में जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला ने दो दिन चली कार्यसमिति पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकताओ को अप्रैल तक के कार्यक्रम का लक्ष्य मिला है जिसको बूथ स्तर तक लेकर जाना है साथ ही पन्ना समिति के कार्य को भी आने वाले समय मे पूर्ण करना है यह कार्यसमिति को व्यवस्थित ओर सुंदर बनाने के लिये के जिन कार्यकताओ ने मेहनत की वह सभी बधाई के पात्र हैं। जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने पूरे जिले से आये सभी पदाधिकारियों ओर मडल अध्यक्षो को सफल






कार्यकर्ता राष्ट्र राष्ट्र सेवा के कार्य को प्रथम रखते हुए समाज हित मे निरन्तर कार्य करते हैं। संगठन महामंत्री ने कहा भाजपा हर वर्ग के लोगो को साथ लेकर कार्य करने में विश्वास रखती है और जिसका उदाहरण देश मे अनेको क्षेत्र में कई सर्वोच्च पदों पर पार्टी के लोग सेवा देने का कार्य कर रहे हैं । हम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हैं तो देश की एकता अखंडता का स्वरूप नजर आता है। अजेय कुमार ने कहा आज देश अनेको राज्यो में हमारे जनप्रतिनिधि नेता नही एक सेवक के रूप में कार्य करते है उसका उदाहरण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो प्रधान सेवक ओर राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर कार्य भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है । अजेय कुमार ने कहा निश्चित रूप से हमको अपने संगठन का विस्तार करते हुए भाजपा की रीति नीति को गांव गांव हर गली बस्ती में जाकर उनके बीच अपनी विचारधारा को उनके बीच रखते हुए उनको भी अपने साथ जोड़ने का कार्य करना है। भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य मानव कल्याण मानव सेवा यही अवधारणा के साथ हम निरन्तर कार्य करे ऐसा प्रयास हम सभी का होता है। प्रथम सत्र में मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री और ऊधम सिंह नगर जिला प्रभारी मंत्री ने सत्र को सम्बोधित किया उन्होंने कहा भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है हमारा उत्तराखंड 22 वर्ष का युवा हो चुका है वही हमारे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लक्ष्य है कि राज्य जब अपने 25 वर्ष पूर्ण कर लेगा तो देश के अग्रणी राज्य के रूप में हम स्थापित हो यह लक्ष्य निर्धारित कर राज्य सरकार कार्य कर रही है। गणेश जोशी ने कहा भारत की अर्थव्यवस्था का आकार बड़ा हो गया है जहाँ हमारे देश की शीर्ष दस में अपना स्थान नही बना पाता था और आज देश विश्व की 5वी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हमने उज्वला कनेक्शन के माध्यम से महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। देश मे शतप्रतिशत वेक्सिनेशन कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सूझबूझ के लगातार भर्ती में सामने आ रहे घोटाले के खिलाफ सख्त नकल कानून लाने का कार्य प्रदेश की धामी सरकार ने किया है । हमारी सरकार का स्पष्ट मत है कि सही को छेड़ेंगे नही हो गलत को छोड़ेंगे नही की नीति के साथ प्रदेश में कार्य कर रहे हैं प्रभारी मंत्री ने कहा आने वाले समय मे देश मे लोकसभा चुनाव है और हमारे सामने चुनौती है कि एक बार फिर से पाचो लोकसभा को आप से कार्यकताओ के दम पर जीत हासिल करेंगे ऐसा विश्वास है वही निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी शत प्रतिशत जीत हासिल करेगी । प्रभारी मंत्री ने कहा जहाँ एक ओर कांग्रेस पार्टी सिर्फ परिवार को ही आगे बढ़ने विषय को लगातार उठाये ओर उनके समाधान के लिये प्रयास करे , उन्होंने कहा जिले में नजूल पर मालिकाना हक और वर्ग चार की जमीन जैसे विषय पर सदन का ध्यान आकर्षित किया और विधायक ने कहा निश्चित रूप से प्रदेश सरकार लगातार जनहित से जुड़े विषयों पर कार्य कर रही है ओर धामी सरकार ही है जिसने गम्भीर से गम्भीर मुद्दे पर बहुत ईमानदारी से कार्य करने का कार्य किया है जिसका प्रमाण चाहे महिलाओं को आरक्षण नोकरियो में आरक्षण हो या फिर जोशीमठ में आये संकट पर पूरी सरकार और भाजपा ने पूरी तन्मयता से कार्य किया है यह सब हम सभी के लिये गर्व की बात है कि हम कार्यसमिति के लिये शुभकामनाएं दी और कहा आने वाले समय मे हम सभी पूरी ताकत के साथ पार्टी संगठन के कार्यो को आगे ले जाने का कार्य करेगे ऐसा पूर्ण विश्वास है । वही कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमित नारंग द्वारा किया गया। इस दौरान प्रभारी पुष्कर सिंह काला, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, सह प्रभारी गुरविंदर चंडोक, प्रदेश मंत्री लीलावती राणा, विवेक सक्सेना, जिला महामंत्री अमित नारंग, सतीश गोयल, हिमांशु बिष्ट, इंद्रपाल, राकेश सिंह राजेश तिवारी, भुवन जोशी, मयंक कक्कड़, गोपाल बोरा, रमेश जोशी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## बाबा भारामल मंदिर में नवाया शीश

खटीमा (उद संवाददाता)। सीएम पुष्कर सिंह धामी बाबा भारामल के मंदिर पहुंचे। बाबाभारामल मंदिर पहुंचकर सीएम धामी ने माथा टेका, शिव लिंग पर जलाभिषेक किया, बाबा की समाधि पर चादर चढ़ाई और बाबा से राज्य के विकास के साथ ही शुख,शांति एवम समृद्धि की प्राथना की। इस दौरान मंदिर क्षेत्र में हुए निर्माण कार्य का भी सीएम धामी ने निरिक्षण किया।



## झपटी गई चेन सहित स्नेचर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी क्षेत्र में चेन स्नेचिंग की घटना को अन्जाम देने वाले शातिर स्नेचर को मुखानी पुलिस टीम ने झपटी गई चेन सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को भूपेश पाण्डे पुत्र सुरेश पाण्डे निवासी कपिल कालोनी मुखानी ने थाना मुखानी में रपट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति 5 फरवरी को उनकी माता के साथ चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया



है। घटना के खुलासे के लिए रमेश बोरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित की गयी। टीम द्वारा क्षेत्र में सीसीटीवी की फुटेज व अन्य जांच के आधार पर घटना के आरोपी अनुराग गंगवार पुत्र करन लाल निवासी बघनेरी थाना अमरिया जिला पीलीभीत हाल निवासी बी ब्लाक जज फार्म मुखानी को आईटीआई जजफार्म से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक पीली धातु की चेन बरामद हुई। पुलिस टीम में रमेश बोहरा, थानाध्यक्ष मुखानी, उनि सुनील गोस्वामी, कानि. ऐहसान अली, चन्दन सिंह नेगी, इसरार नबी व अनिल गिरी शामिल थे।

# कुमाऊं भ्रमण पर पहुंची स्पीकर ऋतु खंडूड़ी

## अल्मोड़ा और कैसानी पहुंचने पर जोरदार स्वागत,भाजपा कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।विधानसभा अध्यक्षा उत्तराखंड ऋतु खंडूड़ी का यहां सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इससे पूर्व चितई गोलू लगाव रहा है और यहां आकार वे अच्छा महसूस कर रही हैं। यहां जिलाधिकारी वंदना एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार राय ने भी उनका स्वागत किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने जिलाधि में कोटिया समिति की रिपोर्ट विधानसभा उत्तराखंड की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा उन्होंने सभी से कोटिया समिति की रिपोर्ट का अध्ययन करने की अपील की। बजट सत्र के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने भाजपा रवि रौतेला, नगर अध्यक्ष अमित शाह समेत अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कौसानी। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी देर शाम एकदिवसीय दौरे पर मिनी पुष्प गुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ वार्ताकर जिले की विकास कार्यों के सम्बंध में जानकारी ली, और अंकित कंडारी पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र गोस्वामी, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी,मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह राणा, जिपंस जनार्दन







मंदिर पहुंचकर श्रीमती ऋतु खंडूरी ने पूजा अर्चा कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ऋतु खंडूरी ने कहा कि अल्मोड़ा से उनका विशेष कारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ जनपद के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की।विधानसभा नियुक्तियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस बारे कहा कि इस बार का बजट सत्र गैरसैंण में आयोजित किया जाएगा और विधानसभा सचिवालय इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष स्विट्जरलैंड कौसानी पहुँची। कौसानी राज्य अतिथि गृह में पुलिस टीम द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया,भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कौसानी पहुँचने पर कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी।इस दौरान पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ,उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडे,तहसीलदार तितिक्षा जोशी सीओ लोहुमी,मंडल उपाध्यक्ष लखवेंद्र सिंह थायत,महेशठाकुर,कमलेश पांडे,संजय चंदोला,ठाकुर मेहरा,रोहित कुमार,नरेश आर्य,मंगल भंडारी आदि मौजूद थे।